तेरे बिना कन्हैया | By Gouttam Sharma Dooni

तेरे बिना कन्हैया कोई नहीं हमारा
तेरी दया से चलता हम जैसो का गुज़ारा
तेरे बिना कन्हैया ....

गुमनामी के अँधेरे चारो तरफ से घेरे
गम की घटाएं छाई अपनों ने मुख थे फेरे
उस वक़्त तुमने आकर गम से हमें उबारा
तेरे बिना कन्हैया ....

मिलती शरण ना तेरी दर दर यूँ ही भटकते
मंज़िल कभी ना पाते थक जाते चलते चलते
तूने संभाली नैया पास आ गया किनारा
तेरे बिना कन्हैया ....

तुमसे यही गुज़ारिश अरदास है हमारी
तेरे नाम लेते लेते बीते उमरिया सारी
चाहे अधम पतित बस गौतम हो अब तुम्हारा
तेरे बिना कन्हैया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-by-gouttam-sharma-dooni/